हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025


11 जोगीवाला के शिव मंदिर में कल होगी भगवान ...


12 पंडित नेकीराम शर्मा मेडिकल कॉलेज में प्रथम चरण...

HURRY UP ! Limited Seats
NEET | JEE | NTSE
NDA | MNS | AIRFORCE
★Free Doubt Class ★AC Class Rooms
★Free Extra Class ★Join H.D. for Success
★No Tuition No Tension★ Direct Bus Service From Ch. Dadri
FREE DEMO Classes
Science (Medical, Non-Medical) Commerce, Arts
H.D. Public School Birohar
A Co-Education English Medium | C.B.S.E Affiliated Sr. Sec. School
Admission Open Nur. to 9th & 11th
For Session 2025-26
M. 8059923555, 8607128682

## खबर संक्षेप

### गांव जयश्री के बालाजी मंदिर में जागरण आज

**चरखी दादरी।** गांव जयश्री के श्री बालाजी मंदिर में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में 11 अप्रैल रात को विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा। जागरण में भजन गायक राजेश थुरानिया एंड पार्टी के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। गायक राजेश थुराना, श्रीभगवान आदमपुर, चिंटू रानीला, वीरेंद्र शर्मा बौंद, सुनील शिले खरकिया, सोनू धनौंदा सहित कई कलाकार मधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे। अगले दिन 12 अप्रैल को यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन होगा।

### गांव भागवी में रागिनी और भंडारा कल

**चरखी दादरी।** गांव भागवी के श्रीबालाजी मंदिर में श्रीहनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से जाएगा। 11 अप्रैल रात को जागरण एवं 12 को धार्मिक रागिनी कार्यक्रम और यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्रीबालाजी मंदिर कमेटी एवं सभी ग्रामीणों के सहयोग से होने वाले जागरण में रामधन गोस्वामी एंड पार्टी व रागनी कार्यक्रम में लोक गायक राजेश थुरानिया व नरेंद्र दांगी एंड पार्टी को आमंत्रित किया गया है। समिति सदस्यों ने क्षेत्र के लोगों से रागनी एवं भंडारे में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की है।

### खेत में पानी के टैंक में डूबने से युवक की मौत

**लोहारू।** उपमंडल के गांव बिसलवास के एक खेत में बने पानी के टैंक में नहाने गए एक युवक की डूबने से मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों ने इत्तेफाकिया घटना बताते हुए पुलिस को बयान दर्ज कराए हैं तथा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गुरूवार को स्थानीय सीएचसी में मृतक युवक के शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस को दी शिकायत में बिसलवास निवासी महेंद्र सिंह ने बताया कि वे 9 भाई बहन हैं तथा सबसे छोटा भाई करीब 37 वर्षीय सुरेंद्र अविवाहित था। उन्होंने बताया कि सुरेंद्र सुबह 11 बजे खेत में बने वाटर टैंक में नहाने गया था लेकिन सांय तक नही लौटा। जब सांय को खेत में जाकर देखा तो उसके कपड़े और जूते टैंक के बाहर पड़े थे। पुलिस को इसकी सूचना दी गई तथा गोताखों ने उनके भाई का शव टैंक से बाहर निकाला। परिजनों के बयानों के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मृतक सुरेंद्र सिंह के शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के हवाले कर दिया।

## खुले मिले स्कूलों को भेजे जाएंगे नोटिस

# बीईओ ने की छापेमारी, छुट्टी के दिन खुले मिले प्ले स्कूल

भिवानी शहर में बिना अनुमति के चल रही एकेडमियों पर भी बीईओ का चाबुक चला। स्कूल संचालकों की सूची शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों के पास भेज दी।





**भिवानी।** विद्यार्थियों की छुट्टी करवाते बीईओ और गजटेड छुट्टी के दिन लगी क्लास में बच्चों को पढ़ाता शिक्षक।। फोटो : हरिभूमि


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गुरुवार को भगवान महाबीर जयंती अवसर पर बीईओ शिवकुमार तंवर ने एक दर्जन स्कूलों व एकेडमियों का निरीक्षण किया। जो कि सभी खुले मिले। खासकर एक पड़ोस के गांव में एक प्ले स्कूल में भी छोटे छोटे बच्चे बैठे मिले। बीईओ ने गजटिड छुट्टी के बारे में पूछा तो स्कूल संचालक जवाब नहीं दे पाया। इसी तरह भिवानी शहर में बिना अनुमति के चल रही एकेडमियों पर भी बीईओ का चाबुक चला। निरीक्षण के दौरान एकेडमी में बच्चों की पढ़ाई होती मिली। जिस पर बीईओ ने तत्काल बच्चों की छुट्टी करवा दी। इस दौरान बीईओ ने छुट्टी के दिन खुले मिले स्कूल संचालकों की सूची शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों के पास भेज दी। साथ उनके खिलाफ जिला स्तर पर भी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

सूत्र बताते है कि बीईओ शिव कुमार तंवर को सूचना मिली थी कि कुछ निजी स्कूल व एकेडमियों में क्लासें लगाई जा रही है। जबकि पूरे दिन में भगवान महाबीर की जयंती मनाई जा रही है और आज की गजटिड अवकाश भी है। उसके बावजूद स्कूलों में क्लासें लगाना बेहद गलत है। सूचना के बाद बीईओ टीम के साथ शहर व आसपास के गांव में निरीक्षण के लिए पहुंचे। शहर में बड़े स्कूलों में तो छुट्टी मिली,जबकि छोटे स्कूल खुले मिले। पड़ौसी गांव स्थित एक प्ले स्कूल में छोटे बच्चे बैठे हुए मिले। कायदे से छुट्टी ही नहीं छोटे बच्चों को तो गर्मी की वजह से प्ले स्कूलों में बुलाना ही नहीं चाहिए था। अधिकारी के कहने के बाद उक्त प्ले स्कूल के बच्चों की छुट्टी कर दी। उसके बाद शहर में निजी स्कूलों के अलावा एकेडमियों की जांच की गई। एकेडमियों में क्लासें लगी हुई मिली। जिस पर अधिकारी ने जवाब मांगा,लेकिन वे कोई जवाब नहीं दे पाए। अधिकारी ने तुरंत बच्चों की छुट्टी करवा दी।

### अभिभावक भी अपने बच्चों के भविष्य को देखें

बीईओ शिव कुमार तंवर ने बताया कि उनको सूचना मिली थी कि कुछ निजी स्कूल व एकेडमियां खुली हुई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे और स्कूल व एकेडमियों में क्लासें लगी हुई मिली। जिस पर उन्होंने जवाब मांगा। वे कोई जवाब नहीं दे पाए। सभी स्कूल व एकेडमियों को बंद करवा दिया गया है। साथ ही उनके बारे में विभाग के मुख्यालय में सूचना भेज दी है। उनके खिलाफ जिला स्तर पर भी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी ने बताया कि अभिभावक अपने बच्चों को प्ले स्कूलों में भेजने से पहले यह नहीं देखते कि वहां का भवन कैसा है और कैसा माहौल है। निरीक्षण के दौरान दो कमरों में स्कूल चलते मिले। अभिभावक भी अपने बच्चों के भविष्य को देखे।



# मौसम ने बदली करवट बादलवाई से पारा गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ दोपहर दो बजे तक पारा 42 डिग्री सेल्सियस को पार पहुंच गया था

एक सप्ताह से उछल कूद कर रहे पारे को बादलवाई ने नकेल कस दी। हालांकि बारिश नहीं हुई,लेकिन आसमान में छाए बादलों ने पारे को बढ़ने से रोक दिया। जिस वजह से शाम के वक्त पारा लूढक कर 38 डिग्री सैल्सियस पर आ गया। जिसके चलते लोगों को लू के थपेड़ों से राहत मिली। देर शाम तक आसमान में बादलों का जमघट बना रहा। सुबह सवेरे जब लोग सोकर उठे तो उस वक्त आसमान साफ था। धीमी गति से हवा चलने की वजह से पारे ने उछल कूद शुरू कर दी। दोपहर दो बजे तक पारा 42 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। जिसके जन जीवन पूरी तरह से प्रभावित हुआ।

ज्यादा गर्मी की वजह से सड़कों पर गिनती के ही वाहन चलते नजर आए। यह नजारा अकेले एक इलाके का नहीं था,बल्कि पूरे शहर में इस तरह की स्थिति बनी रही। दोपहर बाद अचानक हवा पर ब्रेक लगे तो आकाश में बादलों का जमघट बढने लगा। शाम तक आसमान में काली घटाए छा गए। सूर्यदेव भी बादलों के पीछे छुप गए। देर शाम तक आसमान से पानी बरसने की स्थिति बनी,लेकिन आसमान से पानी नहीं बरसा।

### लोहारू में धूलभरी आंधी के बाद बूंदाबांदी

**लोहारू।** लोहारू और आसपास के इलाके में गुरुवार को अचानक मौसम ने करवट ली और धूल भरी तेज आंधियां चलने लगी तथा बाद में इलाके में हलकी बूंदाबांदी शुरू हो गई। घनघोर घटाओं के कारण लोगों को पिछले तीन दिनों से पड़ रही चिलचिलाती गर्मी से भी राहत मिली। बूंदाबांदी के ही लोगों को उड़ती धूल मिट्टी से राहती मिली।

# नप में ई-रिक्शा की बैटरियां चोरी करने के दो आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

पुलिस ने नगर परिषद में खड़ी ई-रिक्शा की 40 बैटरियां चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि 6 मार्च को मुख्य सफाई निरीक्षक राजेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि नगर परिषद द्वारा डोर- टू-डोर कूड़ा उठाने के लिए 20 ई-रिक्शा खरीदी गई थी, जो ई-रिक्शा कंडम हालात में नगर परिषद परिसर दादरी में खड़ी हुई थी।

**रिमांड पर लिया :** उन्होंने बताया कि 24 फरवरी को शाम को निरीक्षण के दौरान नगर परिषद में खड़ी ई-रिक्शा की कुल 34 बैटरी, टैक्टर की दो बैटरी, टाटा एस टैंपो की तीन बैटरी व ऑटो की एक बैटरी चोरी हुई नहीं मिली। शिकायत में बताया कि सभी वाहनों से 40 बैटरियां चोरी हुई हैं। वीरवार को हेड कांस्टेबल शक्ति ने बैटरियां चोरी मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान दादरी निवासी राकेश व कपूरी गांव निवासी अजय निवासी कपूरी के रुप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है।



**भिवानी।** पुलिस हिरासत में चोरी के आरोपी।


# सीनियर सर्कल स्टाइल कबड्डी चैंपियनशिप आज से

## पंचायत एवं खनन मंत्री एवं एसो. के अध्यक्ष कृष्णलाल पंवार करेंगे शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन हरियाणा द्वारा एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से 18वीं सीनियर सर्कल स्टाइल पुरुष एवं महिला राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन 11 से 13 अप्रैल तक जनता कॉलेज स्टेडियम में किया जा रहा है।

प्रतियोगिता का शुभारंभ 11 अप्रैल शुक्रवार को सांय 4 बजे पंचायत एवं खनन मंत्री एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्णलाल पंवार एवं हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष जसविन्द्र मीनू बैनीवाल द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर सांसद धर्मबीर सिंह, दादरी के विधायक सुनील सांगवान एवं बाढ़ड़ा के विधायक उमेद पातुवास अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। चैंपियनशिप के दूसरे दिन 12 अप्रैल शनिवार को मैंचों का समय सांय 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक रहेगा, जिसमें कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा एवं राज्यसभा सांसद बराला मुख्यतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। समापन समारोह 13 अप्रैल रविवार को सांय 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जिसमें मुख्यतिथि के रूप में इंटरनेशनल कबड्डी महासंघ के डायरेक्टर एवं राजस्थान ओलंपिक तथा कबड्डी संघ के अध्यक्ष तेजस्वी गहलोत एवं एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष विभोर विनीत जैन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इनके साथ अति विशिष्ट अतिथि के रूप में एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जितेन्द्र ठाकुर, बिहार कबड्डी संघ के चेयरमैन कुमार विजय सिंह एवं उत्तराखण्ड कबड्डी संघ के महासचिव चेतन जोशी भी उपस्थित रहेंगे। एसो. के चेयरमैन कुलदीप दलाल, महासचिव नसीब जांघू एवं जिला अध्यक्ष राजेश फोगाट ने संयुक्त प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि चैंपियनशिप न केवल खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करेगी, बल्कि कबड्डी खेल को ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में और अधिक लोकप्रिय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।




■ सांसद धर्मबीर सिंह व विधायक सुनील सांगवान एवं विधायक उमेद पातुवास भी करेंगे शिरकत

## बीआरसीएम में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

# 350 से अधिक शोधार्थियों-प्राध्यापकों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल




■ भारतीय ज्ञान परंपरा,वैज्ञानिक ग्रंथों के साथ श्रीमद् भगवत गीता का अध्ययन करें शोधार्थी : धर्माणी

बीआरसीएम शिक्षण समिति, बहल के जी.डी.सी. मेमोरियल महाविद्यालय द्वारा "बुनियादी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में प्रगति" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ महेंद्र चौधरी सभागार में हुआ। सम्मेलन उच्च शिक्षा निदेशालय, हरियाणा एवं चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी द्वारा अनुमोदित है। कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी कुलपति, चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी ने किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर एस. पी. खटकड़, एमेरिटस प्रोफेसर, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक, डॉ. सुरेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष, जीडीसी महाविद्यालय, डॉ. सुरेंद्र कौशिक, डीन ऑफ कॉलेज, सीबीएलयू, डॉ. एस. के. सिन्हा निदेशक, बीआरसीएम शिक्षण समिति की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। डॉ. एस.के. सिन्हा ने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए उनके शैक्षणिक, अनुसंधान एवं सामाजिक योगदान का परिचय प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि प्रो. दीप्ति धर्माणी ने विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा, वैज्ञानिक ग्रंथों एवं श्रीमद्भगवद्गीता के अध्ययन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भारतीय योगदान को समझने और उस पर अनुसंधान करने पर विशेष बल दिया। प्रो. एस. पी. खटकड़ ने कहा कि आज के युग में बुनियादी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नवाचार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ किए गए विकसित भारत अभियान में विज्ञान की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए जय जवान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान के उद्घोष के साथ अपनी बात समाप्त की। कार्यक्रम के संयोजक डॉ संजय गौड़ ने सम्मेलन की रूपरेखा और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। साथ ही, सभी मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों को शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. सुरेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष, जीडीसी महाविद्यालय ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों, आयोजकों, शोधार्थियों, पत्रकारों एवं छायाकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मेलन बुनियादी विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवोन्मेष और प्रगति के मार्ग प्रशस्त करेगा। सम्मेलन में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आए 350 से अधिक शोधार्थियों एवं प्राध्यापकों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इस अवसर पर बीआरसीएम समूह के सभी संस्थानों के प्रधानाचार्यगण एवं अनेक प्राध्यापकगण, जैसे डॉ. अनुज शर्मा प्राचार्य, बीआरसीएम इंजीनियरिंग कॉलेज डॉ. सुनील शुक्ला प्राचार्य, बीआरसीएम लॉ कॉलेज, राजेश झाझरिया प्राचार्य, बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल), संदीप टंडन प्राचार्य, बीआरसीएम शिशुकुंज, डॉ. अनीता, डॉ. सुखेन्द्र, डॉ. संजय गौड़ आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने हेरोइन बेचने जा रहे पुरुष व महिला आरोपी को किया गिरफ्तार

■ पुलिस टीम ने आरोपियों से 20 ग्राम 55 मिलीग्राम हीरोइन की बरामद

**भिवानी।** पुलिस की सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी की टीम ने मादक पदार्थ हैरोइन लेकर आ रहे एक पुरुष व महिला आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 20 ग्राम 55 मिलीग्राम हीरोइन बरामद की है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी के इंचार्ज उप निरीक्षक विशेष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि नौ अप्रैल को सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी के उप निरीक्षक अनिल कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पड़ताल ड्यूटी टी पॉइंट चिड़ियाघर रोड भिवानी मौजूद थे। जो पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति व एक महिला एक गाड़ी में सिटी स्टेशन भिवानी की तरफ से मादक पदार्थ हैरोइन लेकर भगत सिंह चौक की तरफ आ रहे हैं पुलिस टीम के द्वारा सूचना की महत्वता को देखते हुए भगत सिंह चौक भिवानी पर नाकाबंदी करके सूचना के आधार पर एक गाड़ी को रुकवाया गया जिसमें एक महिला वह एक पुरुष सवार थे। जो गाड़ी चालक की तलाशी लेने पर पुलिस ने गाड़ी चालक से मादक पदार्थ हैरोइन बरामद किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान रघुनंदन पुत्र शिव कुमार निवासी शिव कॉलोनी भिवानी व गीता पत्नी दलबीर निवासी दादरी गेट भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस टीम के द्वारा आरोपी रघुनंदन से 20.55 ग्राम मादक पदार्थ हैरोइन बरामद किया गया है।

विशेषः अंबेडकर जयंती, 14 अप्रैल

# डॉ. भीमराव अंबेडकर देश-समाज को दी नई दिशा

प्रेरणास्रोत
अलका जैन 'आराधना'

बच्चो, भारत के संविधान निर्माता और देश के पहले कानून मंत्री डॉ. भीमराव अंबेडकर का शुरुआती जीवन बहुत ही संघर्षपूर्ण था। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के एक छोटे से कस्बे महू में हुआ था। उनका परिवार ऐसी जाति से संबंधित था, जिसे उस समय समाज में अछूत माना जाता था। इस सामाजिक भेद-भाव का अनुभव उन्होंने अपने बचपन से लेकर युवावस्था तक कई बार किया।



**जब नहीं पीने दिया गया पानीः** बचपन में जब भीमराव स्कूल में पढ़ते थे, एक बार उन्हें प्यास लगी। जब वे स्कूल में रखी पानी की हांडी से पानी पीने लगे तो वहां के अध्यापक ने उन्हें डांटते हुए कहा, 'तुम इस हांडी का पानी नहीं पी सकते, ये तुम्हारी जाति वालों के लिए नहीं है।' भीमराव शांत खड़े रहे। इस घटना से वे बहुत दुःखी हुए। उन्होंने इस प्रकार के भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने का दृढ़ संकल्प लिया, 'एक दिन मैं ऐसा समाज बनाऊंगा, जहां किसी को उसकी जाति के कारण पानी पीने से नहीं रोका जाएगा।'

बड़े होने के बाद भी भीमराव, बचपन में लिया गया अपना संकल्प नहीं भूले। उन्होंने 1927 में महाड़ नाम के स्थान पर एक आंदोलन शुरू किया। वहां एक तालाब था, जो सिर्फ ऊंची जाति वाले लोगों के लिए खुला था। अंबेडकर ने उन दिनों मानी जाने वाली निम्न जाति के अपने हजारों साथियों के साथ जाकर उस तालाब से पानी पिया। उन्होंने समाज को संदेश दिया- 'पानी सबका है, इज्जत सबकी है।' इस आंदोलन ने पूरे देश में उन्हें प्रसिद्ध कर दिया।

**संविधान में दिया समानता का अधिकारः** जब भारत आजाद हुआ तो देश को अच्छी तरह चलाने के लिए संविधान तैयार करने की जिम्मेदारी भीमराव आंबेडकर और कुछ अन्य विद्वानों को दी गई। उन्होंने ऐसा संविधान बनाया, जिसमें सभी नागरिकों को समान अधिकार मिले, चाहे वे किसी भी जाति, धर्म, भाषा या क्षेत्र के हों। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि शिक्षा, नौकरी और न्याय में पिछड़े वर्गों को आरक्षण मिले ताकि वे बराबरी से आगे बढ़ सकें। इस तरह उन्होंने हमारे देश और समाज को एक नई दिशा दिखाई।

**लें यह संकल्पः** बच्चो, बाबा साहब की जयंती पर हम यह संकल्प ले सकते हैं कि कभी भी किसी को उसकी जाति, धर्म या रंग के आधार पर उपेक्षा या अपमानित नहीं करेंगे। हम सबको बराबरी का दर्जा देंगे। यही बाबा साहब के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## दुनिया का काम

बच्चो, एक छोटी सी चित्रात्मक कहानी की किताब 'दुनिया का काम', कुछ समय पहले छपकर आई है। इसमें एक मक्खी, एक मुर्गा, एक कुत्ता और एक कौए की कहानी है। इन चारों को लगता है कि ये इंसान की अलग-अलग तरीके से मदद करते हैं। जैसे, मुर्गे को लगता है कि रोज सुबह उसके बांग देने से ही लोगों की नींद खुलती है, उन्हें सुबह होने का पता चलता है। इसी तरह कौए को लगता है कि जब वह किसी घर की मुंडेर पर बैठकर 'कांव-कांव' करता है, तभी उस घर के लोगों को पता चलता है कि कोई मेहमान आने वाला है। इतनी मदद करने के बावजूद इंसान उनकी मदद का महत्व नहीं समझते हैं। इससे नाराज होकर चारों अपना काम बंद कर देते हैं। फिर क्या होता है, जानने के लिए यह किताब तुम्हें पढ़नी होगी। *




**किताबः** दुनिया का काम, **लेखकः** अखिलेश श्रीवास्तव चमन, **मूल्यः** 150 रुपए, **प्रकाशकः** लिटिल बर्ड पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

रोचक / अभिव्यक्ति त्रिवेदी



# भारत के अजब-अनूठे गांव

बच्चो, भारत को गांवों का देश कहा जाता है। यहां करीब 6.65 लाख गांव हैं। इन गांवों की अपनी अलग-अलग खूबियां हैं, लेकिन कुछ गांव तो बहुत ज्यादा ही अनूठे हैं। यहां जाने पर ऐसे नजारे दिखते हैं, जिन्हें देखकर बहुत ज्यादा अचरज होता है। अपनी अनोखी विशेषताओं के कारण ये गांव, पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। जानो, किन विशेषताओं के कारण ये गांव अजब-अनूठे कहलाते हैं।

### मावलिननॉन्गः एशिया का सबसे स्वच्छ गांव

**मावलिननॉन्ग** नामक गांव, मेघालय राज्य में स्थित है। इस गांव का आकर्षण है-चमचमाती पक्की सड़कें, रोशनी से चकाचौंध गलियां। मावलिननॉन्ग में सफाई ऐसी रहती है कि दूर-दूर तक पेड़ों से गिरे पत्ते तक नजर नहीं आते हैं। कहते हैं कि एक समय मावलिननॉन्ग महामारियों की चपेट में आ गया था। यहां के लोगों ने अच्छे स्वास्थ्य और व्यवस्थित जीवन के लिए स्वच्छता का महत्व समझा। साफ-सफाई को अपनाकर अपनी किस्मत खुद बदली और अपने गांव को एक आदर्श गांव के रूप में स्थापित किया। यह गांव 2003 से लगातार एशिया महाद्वीप का सबसे 'स्वच्छ ग्राम' चुना जा रहा है। *




### जबूरः गुजरात में बसा 'मिनी अफ्रीका'

**भारत में** गुजरात के 'गिर' के जंगलों के बीच बसा है जबूर गांव। इसे 'गुजरात का अफ्रीका', 'भारत का अफ्रीका' या 'मिनी अफ्रीका' भी कहा जाता है। यहां एक खास आदिवासी जनजाति 'सिद्दी' निवास करती है, जो मूल रूप से अफ्रीका के बनतु समुदाय से संबंध रखती है। अफ्रीकी रीति-रिवाज की छाप छोड़ता यह गांव हमेशा से लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा है। गुजरात में 'गिर' जंगल को देखने आने वाले लोग जबूर गांव को देखना नहीं भूलते। *

### गुलावटः यहां होती है कमल के फूलों की खेती

**मध्य प्रदेश** के इंदौर शहर से करीब 20 किलोमीटर दूर स्थित है गुलावट गांव। इसे 'लोटस वैली' के नाम से भी जाना जाता है। यह गांव करीब 300 एकड़ क्षेत्र में फैला है। गांव के लगभग 300 किसान कमल के फूलों की खेती करते हैं। मई-जून में जब इस क्षेत्र में पानी नहीं होता है, तब कमल के बीज रोपे जाते हैं। यहां पैदा होने वाले कमल के फूल इंदौर के साथ दिल्ली और अन्य महानगरों में सप्लाई किए जाते हैं। 'लोटस वैली' इंदौर का एक बहुत ही प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बन चुका है। यहां धार्मिक स्थलों के दर्शन के अलावा घुड़सवारी, बोटिंग, साइकिलिंग, ओपन जीप में साइट व्यू जैसी एक्टिविटीज का मजा लिया जा सकता है। *



### डोंगः जहां सबसे पहले निकलता है सूरज



**डोंग गांव** को 'भारत का पहला सूर्योदय स्थल' कहा जाता है। यहां सुबह 3 से 4 बजे के बीच ही सूरज निकल आता है। यह गांव अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले में स्थित है। यह गांव चीन और म्यांमार के बीच समुद्र तल से करीब 1240 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। इस गांव में दिन-रात का चक्र, देश के बाकी राज्यों से कुछ अलग है। बच्चो, तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि यहां शाम 4 बजे ही अंधेरा हो जाता है। सूर्योदय और सूर्यास्त की अपनी इन्हीं विशेषताओं के कारण देश-विदेश से पर्यटक इस गांव की सैर करने आते हैं। नए साल पर तो देश के विभिन्न स्थानों से लोग यहां सूरज की पहली किरण देखने आते हैं। *

विशेषः बैसाखी, 13 अप्रैल

# उमंग-उल्लास का त्योहार बैसाखी



पर्व
विनय कुमार पाठक

बच्चो, हमारे देश में अनेक त्योहार मनाए जाते हैं। कुछ त्योहार ऐसे हैं, जो पूरे देश में मनाए जाते हैं, तो कुछ त्योहार ऐसे हैं, जो किसी विशेष प्रांत में या कुछ प्रांतों में मनाए जाते हैं। कुछ पर्व अलग-अलग राज्य में अलग-अलग नाम से जाने जाते हैं, जिन्हें मनाने का तरीका भी थोड़ा अलग हो सकता है। ऐसा ही एक अनूठा पर्व है बैसाखी, जिसे मुख्य रूप से पंजाब और उसके आस-पास के इलाकों में मनाते हैं।

**फसल तैयार होने की खुशीः** बैसाखी पर्व, मुख्य रूप से फसल तैयार होने की खुशी को प्रकट करने से जुड़ा हुआ है। मार्च के अंत से लेकर अप्रैल माह में जब रबी की फसल (गेहूं, जौ, सरसों, चना आदि) तैयार हो जाती है तो किसान उसकी खुशी को प्रकट करने के लिए बैसाखी पर्व मनाते हैं।

**खालसा पंथ की हुई स्थापनाः** बैसाखी सिख धर्म के लोगों का बहुत ही महत्वपूर्ण त्योहार है। सिख धर्म में यह पर्व नए साल का प्रतीक भी माना जाता है। इसी दिन सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस अवसर पर गुरुद्वारों में विशेष पूजा की जाती है, जुलूस भी निकाला जाता है। लंगर का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें हर धर्म और वर्ग के लोगों को भोजन कराया जाता है। इस अवसर पर अपनी खुशी उमंग को प्रकट करने के लिए लोग पारंपरिक लोकनृत्य भांगड़ा और गिद्दा भी करते हैं। इसमें बच्चे भी बड़े उत्साह से हिस्सा लेते हैं।

**हिंदी महीने वैशाख से भी संबंधितः** तुम्हें हिंदी कैलेंडर के महीनों के नाम (चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आसाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, अग्रहण, पौष, मार्गशीर्ष, फाल्गुन) तो याद होंगे ही। इनके बारे में हम इसलिए बता रहे हैं, क्योंकि बैसाखी का संबंध हिंदी कैलेंडर के एक महीने वैशाख से भी संबंधित है। जिस तरह आम बोलचाल में ज्येष्ठ को जेठ, श्रावण को सावन, भाद्रपद को भादो और मार्गशीर्ष को माघ कहते हैं। उसी तरह वैशाख को बैसाख भी कहते हैं। बैसाख माह की पहली तिथि को मनाए जाने के कारण इस पर्व को बैसाखी नाम दिया गया है।

**हर प्रांत में अलग नामः** बैसाखी पर्व, पंजाब के साथ-साथ कई अन्य प्रांतों में भी मनाया जाता है। असम में इसे बीहू, बंगाल में पोइला बैसाख, तमिलनाडु में पुथंडु, केरल में विशु के नाम से मनाते हैं। असम में इसे रोंगाली विहु या वैशाख विहु के नाम से भी जानते हैं। जो नव वर्ष का पहला दिन होता है। इस पर्व को मनाने का उद्देश्य होता है, ईश्वर को अच्छी फसल देने के लिए धन्यवाद देना। *

पहेलियां / हर्ष रमेश

बच्चो, नीचे दी गई प्रत्येक पहेली में किसी शहर का नाम छिपा है। इनके नाम बताओ-

1. ऋषि है पर तप नहीं करता
केश लगाकर आगे बढ़ता।

2. कान है पर सुन नहीं सकता
पुर की पूंछ पकड़ कर रहता।

3. हाथ है पर करता नहीं काम
रस है पर पीता नहीं श्याम।

4. हरि है पर नहीं है देवता
द्वार पर ही हरदम रहता।

उत्तर: 1.ऋषिकेश, 2.कानपुर, 3.हाथरस, 4.हरिद्वार

# श्याम का गांव



श्याम बहुत ही खुशी-खुशी गांव से शहर इस इरादे से आया कि यहां वह बहुत ही अच्छे से पढ़ाई करेगा। लेकिन शहर में उसने जो देखा, उसका मन खिन्न हो गया। उसे अपना गांव बहुत ज्यादा याद आने लगा। श्याम का मन शहर में क्यों खिन्न हो गया? तो क्या वह वापस अपने गांव लौट गया?

कहानी
कल्लोल चक्रवर्ती

श्याम को शहर आए दूसरा दिन है। चाचा उसे आज चिड़ियाघर ले जाने वाले हैं, लेकिन वह खुश नहीं है। गांव से आते हुए वह शहर के बारे में सोचकर बहुत खुश हो रहा था कि यहां वह अच्छे से स्कूल में पढ़कर बड़ा आदमी बनेगा। लेकिन शहर आकर उसका सारा उत्साह खत्म हो गया। श्याम यही सोच रहा था, इससे अच्छा तो उसका गांव है। शहर में चारों ओर बहुत गंदगी है। बस एक छोटे से कमरे में पिता जी और चाचा रहते हैं। इसी कमरे में खाना भी बनता है। दरवाजा खोलते ही बदबू आती है। मां दरवाजा बंद करके रोटी बनाती है। आज सुबह पास के सुलभ शौचालय से लौटने के बाद से ही श्याम का मन घिना रहा है। ऐसी जगह रहने के लिए वह गांव छोड़कर नाहक ही आ गया। श्याम को रह-रह अपनी दादी की याद आ रही है। गांव में भूरी गाय उसके बिना रोटी नहीं खाती। रोटी के इंतजार में शायद वह अब भी उसका रास्ता देख रही होगी। श्याम का बस चलता, तो अभी गांव लौट जाता। उसे बहुत जोर से रोना आ गया।

श्याम को कुछ समझ में नहीं आ रहा था कि वह अपने मन की बात किससे कहे? पिता जी से कहने की हिम्मत नहीं थी। मां बहुत देर से उसका चेहरा देख रही थी। क्या मां को पता चल गया कि उसका मन शहर में बिल्कुल नहीं लग रहा है, वह वापस जाना चाहता था? श्याम को याद आता है, शाम होते ही सारे दोस्त कभी तालाब के किनारे, तो कभी आम के बागान में खेलते हैं। यहां तो कोई दोस्त ही नहीं है। सुबह अपनी उम्र के एक लड़के से भेंट हुई। सोनू नाम था उसका। श्याम को लगा कि कम से कम खेलने के लिए एक साथी तो मिल गया। उसने उस लड़के से हंसकर कहा, 'यहां शहर में तुम कौन-कौन से खेल खेलते हो भाई?' सोनू ने उसे अजीब निगाहों से घूरा और बोला, 'मेरे पास खेलने का टाइम नहीं है। सुबह चार बजे उठकर दो मोहल्लों में अखबार बांटता हूं। पहले एक फैक्ट्री में काम करता था, लेकिन उम्र कम होने के कारण वहां से हटा दिया। अब नुक्कड़ के रामू चायवाले की दुकान पर काम करता हूं।'

श्याम उसका मुंह देखता रह गया। सोनू को जब पता चला कि श्याम शहर के स्कूल में पढ़ने के लिए गांव से आया है, तो उसे आश्चर्य हुआ। उसने श्याम को बताया, 'बस स्टैंड के पास वाले सरकारी स्कूल में मैंने कुछ दिन पढ़ाई की थी। मास्टर मारते बहुत थे। मां के बीमार होने के बाद मैंने पढ़ाई छोड़ दी।'

श्याम को देखकर आश्चर्य हुआ कि सड़क पर गायों का झुंड है। वे कूड़ों के ढेर में मुंह डाल रही थीं। उसे यह देखकर बुरा लगा। इतनी सारे गायें किसकी हैं? उसके गांव में गायें खूंटे से बंधी रहती हैं। श्याम सोचता है, 'गांव का भोलू कुत्ता यहां के कुत्तों से अच्छा है। खाना खाने के बाद जब भी वह आवाज लगाता है, भोलू उसके पास आकर पूंछ हिलाने लगता है। क्या भोलू भी उसे ढूंढ़ रहा होगा? सुबह मां गांव चली जाएगी, तो इस अंधेरे कमरे में उसे अकेले रहना पड़ेगा। कैसे रह पाएगा वह?' श्याम को यह सोचकर रोना आ रहा था। उसे पूरी रात नींद नहीं आई। उसे चिंता हुई, मां के बिना वह कैसे रह पाएगा? सुबह रोटी बनाते हुए मां ने श्याम को आवाज लगाई, 'उठ, तैयार हो जा।' पिता जी ने पूछा, 'क्यों तैयार होगा वह? मैं तुम्हें गांव छोड़कर कल आ जाऊंगा।' मां तुरंत बोली, 'मेरा बेटा यहां नहीं रह पाएगा। रात भर वह रोता रहा। गांव में ही वह पढ़ाई करेगा।' पिता जी कुछ देर मां की ओर देखते रहे। फिर धीरे-धीरे रोटी खाने लगे।

मां की बात पर श्याम को पहले विश्वास ही नहीं हुआ। मां ही तो उसे शहर में पढ़ाना चाहती थी। अब वही गांव लौटने के लिए कह रही है। मन ही मन खुश श्याम गांव जाने के लिए तैयार होने लगा। *

कविता / करुणा पांडे

## गूगल दादा


गूगल दादा गूगल दादा, उत्तर हमें बता दो।
कल परीक्षा है हमारी, पाठ याद करवा दो।।
प्रश्न का उत्तर दे सकता हूं, याद तुम्हें है करना।
मैं मशीन वाला दादा हूं, याद सदा ये रखना।।
तुम भी दादा वह भी दादा, क्या अंतर है भाई।
मेरे दादा-दादी ने कई, कविता याद कराई।।
दादा-दादी हैं इंसान, भाव संस्कार भरे हैं।
जितना फीड किया मशीन में, उतना काम करे है।।
गूगल दादा गूगल दादा, तुम से कट्टी कर लेंगे।
अपनी दादी नानी की, गोदी में सर रख पढ़ लेंगे।।



मैं मशीन हूं नेट से चलता, काम करूंगा प्यार नहीं।
इस दुनिया में प्यारे बच्चो, दादी मां सा दुलार नहीं।।
मां-पापा से यही प्रार्थना, सीखो खुद और बताओ।
दया सत्य का पाठ सदा ही, दादी-नानी संग पाओ।।

## सही जोड़ा बनाओ


बच्चो, यहां कुछ एनिमल्स के चित्र और उनकी परछाइयां दी गई हैं। तुमको चित्र के साथ उसकी सही परछाई का मिलान करना है।




उत्तर: 1-c, 2-d, 3-a, 4-b

## जीके क्विज-149

1. एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट-2025 का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?
2. देश के वर्तमान रक्षा मंत्री कौन हैं?
3. कौन-सा केंद्र शासित प्रदेश हरियाणा और पंजाब दो राज्यों की राजधानी भी है?
4. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म कहां हुआ था?
5. दुनिया का सबसे बड़ा महासागर कौन-सा है?
6. भारत में सबसे पहले अंडरग्राउंड ट्रेन कहां चली थी?
7. दुनिया का सबसे छोटा देश कौन-सा है?
8. किस मुगल शासक ने फतेहपुर सीकरी की स्थापना की थी?
9. भारत की सबसे ऊंची पर्वत चोटी कौन-सी है?
10. 'मधुशाला' किसकी रचना है?



बच्चों, जीके क्विज-149 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-148 का उत्तर :** 1.विनोद कुमार शुक्ल, 2.क्रिकेट, 3.नायब सिंह सैनी, 4.चाड, 5.गुरु रामदास, 6.नरेंद्र मोदी स्टेडियम, 7.प्रोपेन और ब्यूटेन, 8.सहारा मरुस्थल, 9.टोकोफेरॉल, 10. 18 अप्रैल

**जीके क्विज-148 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, अमन-रायपुर, दीपक-बिलासपुर, कशिश-बालोद, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, कुणाल-रोहतक

## खबर संक्षेप



### 40 युवाओं ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

**लोहारू।** गुरुवार को सामाजिक संस्था प्रयास एक कोशिश के तत्वावधान में स्थानीय भगत ड्धूसह चौक बुक बैंक परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम मनोज दलाल ने शिरकत की। उन्होंने रक्तदान को सबसे बड़ा परोपकार पूर्ण कार्य बताया तथा कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान कर मानवता का परिचय देने चाहिए। प्रयास संगठन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 40 युवाओं ने रक्तदान कर समर्पण भावना का परिचय दिया। भिवानी ब्लड बैंक की टीम द्वारा डॉक्टर सोनिका सोनी के नेतृत्व में आयोजित इस रक्तदान शिविर में 77 बार रक्तदान करने वाले श्यामसुंदर सांगवान ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर और प्रमाणपत्र वितरित करके सम्मानित किया।

### अशोक बने 'हिट एंड रन' सड़क सुरक्षा अभियान के सदस्य

**भिवानी।** राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज को मिनिस्ट्री ऑफ़ ट्रांसपोर्ट एंड हाईवे भारत सरकार द्वारा हिट एंड रन मामलों से संबंधित उच्च स्तरीय समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह समिति सड़क



दुर्घटनाओं में पीड़ितों को त्वरित मुआवजा दिलाने और हिट एंड रन मामलों में सख्त कानून लागू करने के उद्देश्य से गठित की गई है। जिसमें भिवानी में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत लोगों की जान बचा रहे एवं 25 वर्षों से लगातार सड़क सुरक्षा की जागरूकता फैलाने वाले भिवानी के युवा अशोक कुमार भारद्वाज को जिम्मेवारी दी है।

### हलके के 29 गांवों को मिली खेल नर्सरियां

**बवानीखेड़ा।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व सरकार में कैबिनेट खेल मंत्री गौरव गौतम और बवानी खेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि का गांव में खेल नर्सरी मिलने पर क्षेत्र के अधीन गांव के लोगों ने धन्यवाद दिया।विधानसभा बवानी खेड़ा के 29 गांवों को खेल नर्सरी मिलने पर गांव में खुशी का माहौल बना हुआ है । खेल नर्सरी की स्थापना के लिए उनकी पहल की सराहना करें और कैसे यह आपके गांव के युवाओं के लिए एक वरदान साबित होगी, इसका उल्लेख सकते हैं। एक खेल नर्सरी की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री और विधायक की पहल की सराहना करें और उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद हरियाणा खेल नर्सरी योजना के तहत गांव में खेल नर्सरी की स्थापना एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं मिलेंगी। इस पहल के लिए मुख्यमंत्री और विधायक को धन्यवाद देना उचित है। वहीं दूसरी और विधायक ने उनके हलके के 29 गांव में विभिन्न खेलों की नर्सरी आवंटित करने के लिए मुख्यमंत्री,खेल मंत्री का धन्यवाद दिया।

## मंदिर में प्राचीन हनुमान जी की प्रतिमा का वैदिक मंत्रोच्चारण कर गंगाजल से किया जाएगा स्नान

# जोगीवाला के शिव मंदिर में कल होगी भगवान शिव के रुद्र अवतार हनुमान जी की विशेष पूजा

### सैंकड़ों की संख्या में मातृ शक्ति करेगी हनुमान चालीसा पाठ व भजन-कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

छोटी काशी भिवानी सहित देशभर में 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। त्रेता युग में चैत्र मास की पूर्णिमा को भगवान श्रीराम के परमभक्त हनुमान जी का जन्म हुआ था। धार्मिक मान्यता के अनुसार हनुमान जन्मोत्सव के दिन व्रत और पूजा करने से साधक के जीवन के दुःख और संकट दूर होते हैं और जीवन खुशहाल होता है। साथ ही साधक की कुंडली में मंगल ग्रह मजबूत होता है, जिससे जीवन में सभी सुखों की प्राप्ति होती है।

सिद्धस्थल जोगीवाला शिव मंदिर के महंत वेदनाथ महाराज ने बताया कि पुराणों के अनुसार भगवान शिव के 11 रुद्र अवतार हैं, जिनमें हनुमान जी को 11वां अवतार माना जाता है। हर वर्ष हनुमान जयंती पर शिव के रूद्र अवतार की विधि विधान से पूजा की जाती है। वहीं भक्तों के आग्रह पर हनुमान जी के जन्मोत्सव को विशेष संदेश के साथ मनाया जाएगा। भगवान शिव के रुद्र अवतार हनुमान जी के जन्मोत्सव को पूरी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाने की तैयारियां अंतिम चरण में है। महंत वेदनाथ महाराज ने बताया कि मंदिर में स्थापित प्राचीन विशाल हनुमान प्रतिमा का गंगाजल से अलसुबह स्नान, पूजन किया जाएगा। हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर मंदिर में होने वाले कार्यक्रमों की भव्य स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं, जो अंतिम चरण में है।





**भिवानी।** जोगीवाला शिव मंदिर में सजा हनुमानजी का दरबार व हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में सजाया गया जोगीवाला शिव मंदिर परिसर। *फोटो : हरिभूमि*

### हनुमान जन्मोत्सव को लेकर की जा रही तैयारियां

**भिवानी।** हनुमान जन्मोत्सव पर 12 अप्रैल को हालुवास के बालाजी धाम में होने वाले समारोह की तैयारियां जोरों पर चली हुई हैं। कमेटी अध्यक्ष हरीश हलवासिया ने बताया कि जन्मोत्सव के दिन सुबह 8 बजे हवन-यज्ञ किया जाएगा। इसके पश्चात जोगीवाला मंदिर के महंत वेदनाथ महाराज व बाबा बालक आश्रम के महंत बाबा श्यामनाथ महाराज के सानिध्य में भंडारे तथा सत्संग का आयोजन होगा। इस अवसर पर भिवानी शहर, गांव हालुवास एवं आस-पास के सभी ग्रामीण उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन हर वर्ष सभी ग्रामीणों के सहयोग से धूमधाम से मनाया जाता है।

### माता सीता ने दिया था अमरता का वरदान

एक प्रसंग के माध्यम से महंत वेदनाथ महाराज ने बताया कि रामायण में रावण माता सीता का हरण करके लंका ले गया था। श्रीराम और पूरी वानर सेना सीता की खोज में लगी हुई थी, तब हनुमान जी समुद्र पार करके लंका पहुंच गए और माता सीता को खोज लिया। लंका की अशोक वाटिका में हनुमान और सीता की भेंट हुई थी, उस समय हनुमान जी ने श्रीराम का संदेश देकर माता सीता की सभी चिंताएं दूर की थी। इससे प्रसन्न होकर माता सीता ने हनुमान जी को अजर-अमर होने का वरदान दिया था। इस वरदान के प्रभाव से हनुमान जी हमेशा जीवित रहेंगे, इन्हें कभी वृद्धावस्था नहीं आएगी।

### पूजा से जुड़ी खास बातें

हनुमान जयंती पर सुबह जल्दी उठें और स्नान के बाद पूजन करें। हनुमान जी को प्रसाद के रूप में गुड़, नारियल, लड्डू चढ़ाए। दोपहर में बजरंग बली को गुड़, घी, गेहूं के आटे से बनी रोटी का चूरमा अर्पित किया जा सकता है। शाम के समय केले, सेब आदि मौसमी फलों का भोग लगाएं। वहीं सुंदरकांड करते समय हनुमानजी को सिंदूर, चमेली का तेल और अन्य पूजन सामग्री अर्पित करनी चाहिए। बजरंग बली के श्रृंगार में चोला चढ़ाते समय तिल के तेल या चमेली के तेल में मिला हुआ सिंदूर लगाना चाहिए। व्रत करने वाले भक्त को ब्रह्मचार्य का पालन करना चाहिए।

### बाबा पीर मंदिर में हनुमान जयंती पर किया जाएगा खीर का प्रसाद वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

कोर्ट कॉम्पलेक्स स्थित पीर बाबा मंदिर में बाबा पीर सेवादल के पदाधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें 12 अप्रैल शनिवार को हनुमान जयंती बड़े धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। इस दिन विशेष रूप से खीर का प्रसाद का भोग लगाया जाएगा और हनुमान की मूर्ति पर फूल-मालाओं व रंग-बिरंगी लाइटों से मंदिर परिसर को सजाया जाएगा। भोग लगाने के उपरांत मंदिर में आने वाले भक्तों के बीच खीर का प्रसाद वितरित किया जाएगा। मंदिर के प्रधान फूलचन्द सोनी ने बताया कि हर वर्ष की तरह हनुमान जयंती मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई है, यहां पर दूर-दराज से भक्त अपनी हाजिरी लगाने आते है और हनुमान जी उन सभी भक्तों की मन्नतें पूरी करते है। बैठक में उपप्रधान शमशेर दिल्लीवाले, ब्रह्मानन्द शर्मा, महावीर कौशिक, कर्णवीर डिगलिया, मोनू ठुकराल, अजीत नम्बरदार आदि मौजूद रहे।

### हनुमान जन्मोत्सव पर हवन, सत्संग व भंडारा कल

**भिवानी।** श्रीहनुमान जन्मोत्सव पर 12 अप्रैल को श्रीहनुमान सेवा समिति द्वारा श्रीश्री 1008 स्वामी कृष्णानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में अशोका कालोनी स्थित शिव मंदिर में हवन-यज्ञ, सत्संग व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति के प्रधान राधाकृष्ण चावला ने बताया कि प्रातः 9 बजे स्वामी कृष्णानंद सरस्वती की शिष्या द्वारा हवन-यज्ञ किया जाएगा। इसके बाद 10 बजे श्रीहनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। साढ़े 11 बजे श्रीश्री 1008 स्वामी कृष्णानंद सरस्वती महाराज सत्संग एवं प्रवचन होगा। दोपहर 12 बजे भंडारे का आयोजन होगा, जो श्रीहनुमान की इच्छा तक चलेगा। कार्यक्रम में मुख्यतिथि सेवानिवृत जिला खेल अधिकारी एवं पंजाबी जागृति मंच के प्रधान दर्शन मिड्डा, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी संदीप अरोड़ा, जगदीश गिरधर, मदनलाल कामरा, बंसीधर पिलानी व राजकुमार सुखीजा उपस्थित होंगे।

## गुप्ता ने जन्मदिन पर की गोसेवा

- भाविप के प्रांतीय अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने गोमाता को हरा चारा एवं आटा, गुड़ आदि खिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

भारत विकास परिषद (हरियाणा पश्चिम प्रांत) के प्रांतीय अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने अपने जन्मदिन पर पंचनंद गोसेवा केन्द्र में पहुंचकर गौमाता की आरती, पूजा-अर्चना कर गोसेवा का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर उन्होंने सवामणि लगाकर गोमाता को हरा चारा एवं आटा, गुड़ आदि खिलाया। कार्यक्रम के दौरान सारथी सेवा समिति ने गायत्री मंत्र जाप व राम-राम की माला का गुणगान करते हुए गोसेवा की। कार्यक्रम में रामदयाल पाहवा व वासुदेव आनंद ने सभी सहयोगियों व कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उल्लेखनीय है कि राजेश गुप्ता को 1 अप्रैल को परिषद का प्रांतीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, जिसके उपलक्ष्य में परिषद् के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें फटका व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। गुप्ता ने बताया कि परिषद् की स्थापना 1963 में डॉ. सुरजप्रकाश ने की थी और आज ये संस्था देशभर में 3000 से अधिक शाखाओं के माध्यम से सेवा, संस्कार व राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सतत संलग्न है। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष सतीश दिल्लीवान, सचिव हरीश गर्ग, कोषाध्यक्ष राकेश गुप्ता, प्रवीन बिंदल, मुकेश बंसल, सुनील बेरीवाले, संदीप फोगाट, गणेश गोयल, राजेश आर्य, चन्द्रमोहन गोयल आदि मौजूद रहे।



**चरखी दादरी।** भाविप के प्रांतीय अध्यक्ष राजेश गुप्ता का अभिनंदन करते सदस्य।

## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम बढ़-चढ़कर भाग लें

- अभियान चला एससी समाज के लोगों से पार्टी की नीति और दृष्टिकोण को किया जाएगा सांझा : रोहताश चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

जिला भाजपा कार्यालय में वीरवार को भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में बतौर मुख्य वक्ता भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने शिरकत की तथा अध्यक्षता भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष रोहताश चौहान ने की। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने भी विशेष तौर पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया तथा भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के कार्य में तेजी से लाए जाने के निर्देश दिए।

मुख्य वक्ता भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि एससी मोर्चा पार्टी की रीढ़ है। हमें समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय रहने और केंद्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को हिसार में होने वाले प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी करने का आह्वान किया।




**भिवानी।** एकत्रित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### आयोजित होंगे शिविर

भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा, जिसमें एससी समाज के प्रमुख लोगों से संवाद स्थापित कर पार्टी की नीति और दृष्टिकोण को सांझा किया जाएगा। साथ ही युवाओं को जोडने के लिए जागरूकता शिविर और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर जयंती के संयोजक नंदराम धानिया ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहेब जैसे महापुरूषों का अपमान किया है, लेकिन भाजपा ने देश के सभी महापुरूषों को असल मायने में सम्मान दिया है।

## जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए किया जागरूक

- जल एवं पर्यावरण प्रदूषण एवं नशे की समस्या से निपटने को एकजुटता जरूरी : सत्यप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

समाज सुधारक, शिक्षाविद एवं महिलाओं के अधिकारों के प्रबल समर्थक महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती की पूर्व संध्या पर वीरवार को युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट एवं महात्मा ज्योतिबा फूले धर्मार्थ ट्रस्ट ने हनुमान जोहड़ी मंदिर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान अतिथियों ने पौधरोपण भी किया।

हनुमान जोहड़ी मंदिर के महंत चरणदास महाराज के सान्निध्य में हुए कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं समाज के नागरिकों को जल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता ने शिरकत की तथा अध्यक्षता गुरू रविदास विश्वमहापीठ के जिलाध्यक्ष धर्मबीर दहिया ने की। मुख्यतिथि ने उपस्थित सभी को जल एवं पर्यावरण संरक्षण एवं नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।

महंत चरणदास महाराज ने कहा कि वर्तमान समय में जल संकट एवं नशाखोरी जैसी समस्याओं से लड़ने के लिए महात्मा फूले के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि संत-महापुरूषों ने सामाजिक बुराईयों के खिलाफ लड़ते हुए अपना जीवन बिताया, ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि हम उनके दिखाए मार्ग चलते सामाजिक बुराईयों के खिलाफ अभियान छेड़े तथा राष्ट्रहित में काय्र करें। इसके साथ ही युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों से भी अवगत करवाएं, ताकि वे नशे की गर्त में फंसकर अपना भविष्य बर्बाद ना करें।

**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर संजय शर्मा, भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष रोहताश चौहान, सुरेंद्र लांग्यान, रघुबीर, रिंकू, सुखबीर चोपड़ा, सुबेसिंह दांग, विजय सैन, कर्मबीर दहिया आदि मौजूद रहे।




**भिवानी।** जल, पर्यावरण संरक्षण व नशा मुक्ति की शपथ दिलवाते अतिथि।

## अखंड ज्योत के लिए जत्था रवाना

- हनुमान जन्मोत्सव पर 12 अप्रैल को भिवानी पहुंचेंगी यात्रा, होगा प्रसाद वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बालाजी टूर एंड ट्रैवल्स के संयोजन में सालासर से छोटी काशी भिवानी के लिए लाई जा रही 5वीं अखंड ज्योत यात्रा के लिए वीरवार को 21 श्रद्धालुओं का जत्था स्थानीय दिनोद गेट स्थित बालाजी मंदिर से रवाना हुआ। श्रद्धालुओं के जत्थे को जहरगिरी आश्रम से पहुंचे बाबा कैलाशगिरी महाराज ने रवाना किया। विजय वालिया ने बताया कि यह ज्योत यात्रा हनुमान जन्मोत्सव पर 12 अप्रैल को भिवानी पहुंचेंगी। जिसके उपरांत यहां पर भंडारे एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

ज्योति यात्रा के लिए श्रद्धालुओं के जत्थे को रवाना करते हुए बाबा कैलाशगिरी महाराज ने कहा कि छोटी काशी भिवानी में समय-समय पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है तथा इन आयोजनों का अपना अलग महत्व है। छोटी काशी के नाम से मशहूर भिवानी के लोग भी धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजनों की तरफ विशेष रूचि रखते है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के लिए भोजन के साथ-साथ संस्कार एवं संस्कृति का समावेश होना भी जरूरी है और ये तभी हो सकता है जब बचपन से ही संस्कृति का सम्मान करना सिखाया जा सकें।




**भिवानी।** अखंड ज्यौत जत्थे को रवाना करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## सांसद जांगड़ा को सौंपा ज्ञापन

- कहा, आजादी के बाद भी आजाद नहीं हुआ गांव रोहनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

गांव रोहनात की आजादी की बहाली और सन 1857 के रिकार्ड की मांग को लेकर शहीद जन कल्याण समिति के प्रधान विनोद शर्मा राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा से उमेद रिझाना की अध्यक्षता में उनके दिल्ली निवास स्थान पर मिले व उन्हें ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भी आजाद नहीं हुआ है। जहां न तो आज तक कभी तिरंगा फहराया गया है और न ही कभी स्वतंत्रता दिवस या गणतंत्र दिवस मनाया गया। प्रथम स्वतंत्रता दिवस संग्राम में अंग्रेजों के खिलाफ लडन्ने की ऐसी सजा मिली कि आजाद देश की कोई भी सरकार 78 साल बीतने के बाद भी गांव को आजाद नहीं कर पाई। अंग्रेजों ने अपनी खिलाफत करने पर गांव की पूरी जमीन को 8100 रुपये में नीलाम कर दिया था। जिसका मालिकाना हक कई पीढ़ी बीतने के बाद आज भी ग्रामीणों को नहीं मिल पाया है। पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री बंसीलाल और फिर 2018 में मनोहर लाल ने ग्रामीणों को उनका हक दिलाने का वादा किया, परंतु दोनों में से कोई भी नेता अपना वादा पूरा नहीं कर पाया। आज ने बार फिर से पहल करते हुए कमेटी की तरफ से कुछ कागजात सांसद रामचंद्र जांगडा को सौंपे गए जिसमें सांसद ने गांव की आजादी व समिति को सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर मनरूप मंगाली, कमेटी प्रधान विनोद शर्मा, राजा बूरा फौजी आदि मौजूद रहे।



**बवानीखेड़ा।** मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### बाबा साहेब की जयन्ती की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन

## शहीद यादगार समिति ने की प्रतिमा की सफाई

- 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयन्ती मनाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

शहीद यादगार समिति की ओर से कार्यकर्ताओं ने प्रातः काल लघु सचिवालय स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की आदम कद प्रतिमा एवं परिसर की साफ सफाई की तथा 14 अप्रैल को उनकी 135वीं जयन्ती संविधान बचाओ व लोकतन्त्र बचाओ दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब की जयन्ती की पूर्व संध्या पर 13 अप्रैल को सांयकाल सात बजे राजीव कालोनी स्थित नेताजी सुभाषचन्द्र चौक सिटी स्टेशन रोड पर उनकी याद में एक सांस्कृतिक वैचारिक कार्यक्रम होगा, जिसमें जयपाल साहू, बिजेंद्र धनासरी व अन्य प्रमुख कलाकार बाबा साहेब के संघर्षमयी जीवन पर रागनी प्रस्तुत करेंगे। शहीद यादगार समिति के नेता सज्जन कुमार सिंगला, कामरेड ओमप्रकाश व चन्द्रभान ने बताया कि आज समाज में चारो ओर अंधविश्वास का बोलबाला है।



**भिवानी।** बाबा साहेब के स्टेच्यू परिसर की साफ सफाई करते शहीद यादगार समिति के कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

### सांस्कृतिक मूल्यों को फिर करना होगा स्थापित

उन्होंने कहा कि स्वतन्त्रता संग्राम में अंग्रेजी साम्राज्यवाद से संघर्ष करते हुए हमारी जनता ने स्वतन्त्रता, समानता, बंधुत्व, लोकतन्त्र, आपसी भाईचारे व सांझी संस्कृति के मूल्यों का निर्माण किया था, उन्हें साजिशन खत्म करने का देश में षडयन्त्र चल रहा है। वहीं संविधान के तहत कमजोर वर्गो, महिलाओं, अल्प संख्यकों व पिछड़ों को जो सामाजिक सैक्षणिक रूप से अधिकार दिए गये थे, उन पर हमला कर उन्हें कमजोर किया जा रहा है, इसलिए बाबा साहेब के आदर्शों का भारत बनाने के लिए हमें सचेत होकर संविधान व लोकतन्त्र पर होने वाले हमलों का मुकाबला करना है और साम्प्रदायिकता व जातिवादी राजनीति को समाप्त कर सम्प्रभु धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य को मजबूत करना है। समिति समय समय पर स्वतन्त्रता आन्दोलन के शहीदों की जयन्ती और शहादत दिवस पर ऐसे आयोजन करती है और उनकी प्रतिमाओं की सफाई व देखभाल की ओर ध्यान देने के काम को प्राथमिकता पर रखती है।

## खबर संक्षेप

### अथर्व के शतक से बाल भवन टीम सेमीफाईनल

**भिवानी।** भिवानी की पहचान यहां के खिलाडिय़ों के कारण होती है। जो कि अपनी मेहनत एवं प्रतिभा के दम पर विश्व भर में जाने जाते है। खेल नगरी भिवानी के अथर्व बोहरा अपने शानदार खेल प्रदर्शन के चलते भिवानी का नाम प्रदेश भर में रोशन कर रहे है, जो कि भिवानीवासियों के लिए गौरव की बात है। गुरूग्राम के गुरु द्रोणाचार्य अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में बाल भवन क्रिकेट अकादमी के अथर्व बोहरा ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया तथा उनके विस्फोटक शतक ने इस टूर्नामेंट बाल भवन क्रिकेट अकादमी को सेमी फाइनल में पहुंच गई। अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में अथर्व बोहरा के लगातार तीसरे शतक से बाल भवन क्रिकेट अकादमी की टीम विजेता बनी।

### कार की टक्कर से स्कूटी स्वार घायल, केस दर्ज

**लोहारू।** करीब 13 दिन पुराने एक मामले में लोहारू पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सोहांसरा निवासी पूनम ने बताया कि वह सीएचसी लोहारू में बतौर मेडिकल नर्सिंग ऑफिसर तैनात हैं तथा वह गत 27 मार्च सुबह अपने भतीजे नूतन के साथ स्कूटी पर सवार होकर अपने घर सोहांसरा जा रही थी। इस दौरान घर के पास ही एक कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें वह और उसके भतीजे को चोटें आ गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बयान के आधार पर कार्रवाई करते हुए कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### त्रिवेणी रोपित कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**भिवानी।** आम जनता के मन में प्रकृति प्रेम को जगाना होगा तथा अधिक से अधिक पौधरोपण करना होगा, ताकि गर्मी की तपत से बचा जा सकें। उपभोक्तावादी संस्कृति में एसी व फ्रीज का उपयोग लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन उसके अनुपात में पौधरोपण नहीं किए जा रहे, जिसके चलते पर्यावरण संबंधी गंभीर परिणाम भुगतने पड़ रहे है, ये बात त्रिवेणी बाबा ने वीरवार को भिवानी की स्लम बस्ती में त्रिवेणी रोपित करने के उपरांत कही। उन्होंने कहा कि पौधरोपण अभियान में प्रत्येक व्यक्ति का जुड़ना जरूरी है, ताकि अभियान को युद्ध स्तर पर चलाकर अंजाम तक पहुंचाया जा सकें तथा पर्यावरण संबंधी गंभीर दुष्परिणामों से बचा जा सकें।

### स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के एसीएस ने किया नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज भवन का निरीक्षण

# पंडित नेकीराम शर्मा मेडिकल कॉलेज में प्रथम चरण में 15 विभागों की ओपीडी शुरू होंगी: सुधीर राजपाल





**भिवानी।** अस्पताल का निरीक्षण करते एसीएस व नवनिर्मित भवन का दृश्य।

### मेडिकल कॉलेज के उद्घाटन को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने वीरवार को स्थानीय नवनिर्मित पंडित नेकीराम शर्मा मेडिकल कॉलेज का दौरा किया। उन्होंने यहां पर चिकित्सा विभाग एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हिसार से वर्चुअल माध्यम से स्थानीय पंडित नेकीराम शर्मा मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन किया जाएगा।

इसी के चलते स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री राजपाल वीरवार को भिवानी पहुंचे। इस दौरान मेडिकल एजुकेशन विभाग के निदेशक यशेंद्र सिंह, डीसी महावीर कौशिक और एसडीएम महेश कुमार और लोहारू के एसडीएम मनोज दलाल भी मौजूद रहे। एसीएस ने अधिकारियों के साथ हांसी रोड पर वीटा प्लांट के पास में मेडिकल कॉलेज के नवनिर्मित भवन और शहर में सामान्य अस्पताल के पास नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज के भवन का बारीकी से निरीक्षण और अवलोकन किया।

#### 14 अप्रैल से ओपीडी सेवाएं होंगी शुरू

निरीक्षण के दौरान राजपाल ने बताया कि प्रथम चरण में स्टाफ की उपलब्धता के मद्देनजर 15 विभागों की ओपीडी सेवाएं 14 अप्रैल से पंडित नेकी राम शर्मा मेडिकल कॉलेज में शुरू होंगी। धीरे-धीरे इनकी संख्या बढ़ती रहेगी। उन्होंने कहा कि 39 डॉक्टर प्रथम चरण में यहां पर अपनी सेवाएं देना शुरू करेंगे, जो की असिस्टेंट प्रोफेसर स्तर के होते हैं। उन्होंने कहा कि भिवानी तथा आसपास के लोगों को यहीं पर बेहतरीन चिकित्सा सेवाएं मिलेगी। उन्होंने बताया कि यहां जुलाई में पहले साल का चिकित्सा शिक्षा का सत्र शुरू हो जाएगा। इसके लिए 150 एमबीबीएस सीट हैं। मेडिकल कॉलेज के शुभारंभ को लेकर होने वाली सभी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

#### अब पीजीआई जाने की नहीं पड़ेगी जरूरत: सर्राफ

इस दौरान भिवानी से विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि अब भिवानी और आसपास के लोगों को चिकित्सा सुविधाओं के लिए आपातकाल के दौरान रोहतक पीजीआई जाने की जरूरत नहीं होगी यहीं पर उनको चिकित्सा सुविधा मिलेंगी। उन्होंने बताया कि इस मेडिकल कॉलेज पर करीब 1400 करोड रुपए की लागत आई है। प्रदेश व केंद्र सरकार लोगों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के प्रति वचनबद्ध है और इसी के चलते लोगों के स्वास्थ्य की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। यह मेडिकल कॉलेज लोगों के लिए वरदान साबित होगा।

#### मोदी द्वारा किए जाने वाले उद्घाटन का दिखाया जाएगा सीधा प्रसारण: डीसी

इस दौरान डीसी महावीर कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा हिसार से इस मेडिकल कॉलेज का किए जाने वाले शुभारंभ कार्यक्रम का भिवानी में लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। इसके लिए सामान्य अस्पताल के पास ही मेडिकल कॉलेज के नवनिर्मित भवन परिसर में ही समुचित व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस मेडिकल कॉलेज के शुभारंभ समारोह की तैयारी को लेकर भिवानी में लोहारू से एसडीएम मनोज दलाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे उद्घाटन समारोह के साथ-साथ लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जाएं। यहां आने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

#### समय रहते सभी संशाधन पूरे हों

*निरीक्षण के दौरान एसीएस राजपाल ने मेडिकल कॉलेज के निर्माण से संबंधित कांट्रेक्टर को सख्त निर्देश दिए कि वे समय रहते सभी जरूरी संसाधन यहां पर उपलब्ध करवाएं ताकि चिकित्सकों और मरीजों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा और सफाई व्यवस्था का सही प्रबंधन हो, सभी जरूरी जगह पर सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाएं। इसी प्रकार से वाहन पार्किंग भी शुरू की जाए। इसी प्रकार से उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि रात के समय भी चिकित्सा सेवाएं यहां पर उपलब्ध हों। उन्होंने इसके लिए मेडिकल कॉलेज के कार्यवाहक निदेशक डॉक्टर सुरेंद्र सिंगला को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए और कहा कि यहां पर स्टाफ के सदस्यों की कोई कमी ना रहे, यदि जरूरत पड़े तो रोहतक मेडिकल कॉलेज से स्टाफ सदस्यों को अतिरिक्त कार्यभार दिया जाए।*

## नप में अब पीने को मिलेगा ठंडा पानी

- सीएसआर योजना के तहत कंपनी ने लगाया वाटर कूलर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

जैसे-जैसे गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है, वैसे-वैसे पानी की जरूरत भी बढ़ती जाएगी, ऐसे में चिलचिलाती एवं तपती गर्मी में नागरिकों को शीतल पेयजल मुहैया करवाकर उन्हें राहत पहुंचाने के उद्देश्य से इंडसइंड बैंक लिमिटेड ने सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत नगर परिषद परिसर में आधुनिक वाटर कूलर स्थापित करवाया। बैंक के रिलेशनशिप मैनेजर विनोद कुमार ने बताया कि वॉटर कूलर का शुभारंभ नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने रिबन काटकर किया तथा बैंक के सराहनीय कार्य की प्रशंसा की। विनोद ने कहा कि गर्मी के मौसम में नगर परिषद कार्यालय में आने वाले आम नागरिकों व कर्मचारियों को स्वच्छ और ठंडा पेयजल उपलब्ध होगा। नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर वॉटर कूलर लगवाना समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन दर्शाता है। नप में रोजाना सैंकड़ों लोग अपने कार्यो के लिए आते है, ऐसे में यहां पर स्थापित करवाए वॉटर कूलर से रोजाना सैंकड़ों लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि गर्मी से बचने के लिए शरीर को सबसे अधिक पानी की जरूरत होती है, गर्मी के तपते मौसम में किसी व्यक्ति को ठंडे पानी की बूंद भी मिल जाए तो वह अमृत के समान लगती है। नप वाइस चेयरपर्सन प्रतिनिधि, अकाउटेंट रमेश कुमार, बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक बलबीर सिंह, पार्षद सुभाष तंवर, पार्षद संदीप यादव व पार्षद इत्यादि मौजूद रहे।



**भिवानी।** वाटर कुलर का शुभारंभ करते नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह और अन्य प्रमुखजन। *फोटो: हरिभूमि*

## गोरक्षकों का धरना चौथे दिन भी रहा जारी

- नगर परिषद कर्मचारियों पर इ्यूटी में लापरवाही के आरोप
- पशु सेवा के नाम पर महज औपचारिकता निभा रहे नप कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भिवानी नगर परिषद के कर्मचारियों पर इ्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप लगाकर विधायक घनश्याम सर्राफ के कार्यालय में गौरक्षा दल भिवानी के प्रधान संजय परमार के नेतृत्व में जारी गौरक्षा का धरना व क्रमिक अनशन वीरवार को चौथे दिन भी जारी रहा। इस दौरान गौरक्षा दल भिवानी के सदस्यों ने भिवानी नगर परिषद की लापरवाही कार्यशैली का जमकर विरोध जताया तथा स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती, वे धरने से नहीं उठेंगे। वीरवार को क्रमिक अनशन पर सन्नी, संदीप, दीपांशु, नाटा, लकी, गगन, बामा, कमल, गोलू रहे। रहे।

नप के कार्यकारी अधिकारी राजाराम, सफाई निरीक्षक विकास देशवाल, सीआईडी इंस्पेक्टर सुनील कुमार द्वारा धरना व क्रमिक अनशन खत्म करवाने के काफी प्रयास किए, लेकिन काफी मान मनोवल के बाद भी बात सिरे नहीं पढ़ पाई तथा गौरक्षक अपनी बात अड़े रहे। इस मौके पर गौरक्षा दल भिवानी के प्रधान संजय परमार ने बताया कि नगर परिषद के अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाह कार्यप्रणाली के खिलाफ कारवाई तथा घायल व बीमार गाय व अन्य जानवरों के लिए चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाने की उचित व्यवस्था किए जाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे है। उन्होंने कहा कि करीबन 14 दिन पहले नगर परिषद ने सांसद द्वारा वर्ष 2019 में भेंट की गई एंबुलैंस वापिस ले ली, जिसके माध्यम से वे गाय व अन्य जानवरों की सेवा करते थे। जिसके बाद शहर में जो भी बेजुबान जीवों के घायल होने की सूचना आती है तो उसको उठाने से भी नगर परिषद के अधिकारी मना कर देते है। जिसके चलते रोजाना अनेक घायल व बीमार गाय व अन्य जानवर दम तोड़ रहे है।




**भिवानी।** धरने पर बैठे गौरक्षक। *फोटो: हरिभूमि*

#### गंभीर नहीं कर्मी

संजय परमार ने कहा कि घायल या बीमार गाय व अन्य जानवरों की देखभाल व उनके उपचार के लिए नगर परिषद के कर्मचारी अपनी इ्यूटी के प्रति गंभीर नहीं हैं, जिससे आए दिन गाय व अन्य जानवर दम तोड़ रहे है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के अधिकारी पशु सेवा के नाम पर केवल औपचारिकता निभा रहे है। वे तब तक शांत नहीं बैठेंगे जब तक अपनी इ्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई व घायल व बीमार गाय व अन्य जानवरों के लिए चिकित्सा सुविधा मुहैया सुनिश्चित नहीं होगी।

## पहले मैच में बहुअकबरपुर व दूसरे में टिटौली की टीम बनीं विजेता

**भिवानी।** रणजी खिलाड़ी स्व. अमित वशिष्ठ की याद में अमित वशिष्ठ फाउंडेशन द्वारा गांव रेवाड़ीखेड़ा स्थित ठाकुर आजाद सिंह स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में 11 दिवसीय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के छठे दिन पहला मैच बहु अकबरपुर व टिटौली की टीम के बीच हुआ। जिसमें बहु अकबरपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 189 रन बनाए। सर्वाधिक रन रविंद्र बल्हारा ने 30 बॉल पर 62 व 57 रन अनिल ने बनाए। प्रिंस ने दो विकेट लिए। स्कोर का पीछा करते हुए टिटौली की टीम 169 पर ऑल आऊट हो गई। सचिन ने सर्वाधिक 42 रन बनाए। अमन व सोनू ने 3-3 विकेट लिए। रविंद्र मैन ऑफ दि मैच रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## नए शिक्षण दृष्टिकोण की दी जानकारी

- एचडी स्कूल बिरोहड़ में शिक्षकों के लिए सीपीडी सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

एचडी स्कूल बिरोहड़ में शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास के उद्देश्य से एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण तकनीकों एवं आधुनिक शिक्षण दृष्टिकोणों से अवगत कराना था। सीबीएसई ट्रेनर रिसोर्सपर्सन कुलदीप सिंह ने सेमिनार का संचालन किया। अपने विस्तृत अनुभव और ज्ञान से शिक्षकों को प्रेरित करते हुए प्रभावी शिक्षण कौशल, छात्र सहभागिता बढ़ाने के उपाय और मूल्यांकन की नई विधियों पर प्रकाश डाला। शिक्षकों को यह समझाया कि कैसे आधुनिक तकनीकों और नवाचारों को कक्षा शिक्षण में समाहित किया जा सकता है, ताकि छात्रों को अधिक सशक्त और प्रभावशाली शिक्षा दी जा सके। प्राचार्या नमिता दास ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से न केवल शिक्षकों की कार्यशैली में सकारात्मक बदलाव आता है, बल्कि इससे स्कूल की समग्र शैक्षणिक गुणवत्ता में भी वृद्धि होती है। सेमिनार में विद्यालय के सभी शिक्षक गणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



**चरखी दादरी।** सेमिनार का शुभारंभ करते रिसोर्स पर्सन कुलदीप सिंह।

### ऑनलाइन डायरी लिखने का फैसला तुगलकी, करेंगे विरोध

**चरखी दादरी।** शिक्षा विभाग द्वारा एमआईएस पोर्टल पर अध्यापकों को डायरी लिखने के जो आदेश जारी किए गए हैं वे केवल और केवल अध्यापकों को अपने मूल उद्देश्य से भटकाना है, ये बात डेमोक्रेटिक स्कूल टीचर एसोसिएशन राज्य संगठन सचिव मास्टर सुंदरपाल ने कही। सरकार सिर्फ हवा हवाई आदेश जारी करना जानती है, जबकि सच्चाई ये है कि अभी तक न तो विभाग का कोई पक्का तकनीकी ढांचा है ना ही कोई इस तरह की ट्रेनिंग देने के लिए स्कूलों में कोई रेगुलर स्टाफ है। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों में अच्छा नेटवर्क या वाई फाई की सुविधा भी नहीं है। ऑनलाइन डायरी लिखना कोई शिक्षा प्रदान करने का एक मात्र इलाज नहीं है, ये सिर्फ अध्यापकों को मानसिक तनाव देने व अपने मूल कर्तव्य से विमुख करने का षडयंत्र है। छात्र व शिक्षक को खुले एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में शिक्षा के आदान प्रदान का मौका देना चाहिए न कि ऑनलाइन में उलझाकर उनके पठन पाठन के समय को बर्बाद करना।



## राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता हुई शुरू



**भिवानी।** तीर चलाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ करवाते भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक।

**भिवानी।** गुरुवार को सांगा गांव में राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता शुरू हुई, जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने तीर चला कर किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए ने कहा कि हरियाणा पहले मोटे खान और मोटे खेल जैसे कबड्डी कुश्ती बॉक्सिंग आदि के लिए जाना जाता रहा है, लेकिन अब तीरंदाजी जैसे खेल में हरियाणा अपना वर्चस्व कायम कर रहा है । उन्होंने कहा कि सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए 2200 खेल नर्सरींयों की स्थापना कर रही है जिसमें सरकार बच्चों के लिए हर सुविधा उपलब्ध करवाएगी । इस अवसर पर भाजपा कार्यालय सचिव एवं तीरंदाजी संगठन के जिला सचिव राजेश धनखड़ ने कहां की जिला अध्यक्ष रमेश ओला के आदेश अनुसार किसी भी खिलाड़ी को जिला तीरंदाजी संगठन की तरफ से कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी उन्होंने कहा आने वाले समय में भिवानी में जिला क्षेत्रिय प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहेगा।

### गर्मी के तल्ख तेवरों के बाद शिक्षा विभाग का फैसला

# पानी पीने को अब तीन बार मिलेगी छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

गर्मी के तल्ख तेवर होता देख कर शिक्षा विभाग भी गंभीर हो गया है। शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों को गर्मी से बचाने के लिए कमर कस ली है। अब सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को पानी पीने के लिए तीन बार घंटी बजवाई जाएगी। ताकि बच्चे गर्मी से बचने के लिए स्कूल टाइम में कम से कम तीन बार पानी पिये। ताकि शरीर में पानी की मात्रा बरकरार रखी जा सके। शिक्षा के अलावा अन्य कोई भी गतिविधि दस बजे के बाद न कराई जाए। प्रदेश के सभी स्कूलों को भेजे पत्र में कहा गया है कि गर्मी के मौसम में विद्यार्थियों को गर्मी से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाए। उनको स्कूल टाइम में कम से कम धूप में निकलने दे। स्कूल के कमरों की खिड़कियां व रोशनदानों पर रिफ्लेक्टर या एल्मूनियम की पन्नी व गत्ते लगाए। जिनसे कमरे में धूप का असर न हो। अगर किसी बच्चे को गर्मी का असर हो जाए तो उसके लिए तत्काल अस्पताल से संपर्क करें।



**भिवानी।** छुट्टी के बाद कपड़ा ओढ़कर घर जाते बच्चे। *फाइल फोटो।*

#### मौसम से रहें अपडेट

भेजे गए आदेशों में बताया गया है कि रोजाना मौसम की जानकारी से अपडेट रहे। जिस दिन ज्यादा गर्मी या लू का अर्लट जारी किया गया है। उस दिन बच्चों की शिक्षा के अलावा कोई भी गतिविधि न करवाई जाए। दस बजे के बाद तो किसी तरह की खेल आदि की गतिविधि न हो। रोजाना मौसम की जानकारी से अपडेट रहे। ताकि बच्चों को गर्मी से बचाया जा सके। इस बारे में किसी तरह की कोई ढिलाई न बरते। अगर किसी बच्चे को गर्मी का असर होता दिखता है तो तत्काल ओआरएस का घोल व अस्पताल के चिकित्सकों से सम्पर्क साधे। क्योंकि गर्मी का असर होने पर चिकित्सीय सलाह ही बेहद जरूरी है।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू
12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
C.E.T.
रेलवे
CUET
अग्निवीर
S.S.C.
Delhi Police
अनुभवी अध्यापक
नोटस पैकेज
शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली, नजदीक बस स्टैण्ड, च. दादरी
9050035973, 9812611926